# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 18.07.2025

1. **थाना फेस-2 नोएडा पुलिस और निर्माणाधीन साइटो में चोरी करने वाले बदमाशो के बीच मुठभेड़ के संबंध में--**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **18.07.2025** को **थाना फेस-2** नोएडा पुलिस द्वारा एन.एस.ई.जैड तिराहे पर चैकिंग की जा रही थी, तभी पुलिस टीम द्वारा एक बोलेरो पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया गया, जिस पर बोलेरो पिकअप में सवार व्यक्ति रुकने के बजाय गाड़ी को तेजी से चलाते हुए एन.एस.ई.जैड नाले के किनारे पटरी की तरफ भगाने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बदमाशो द्वारा स्वयं को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान बदमाश बबलू उर्फ अजय पुत्र झड़ी महतो निवासी गांव मचार, थाना आरा जिला भोजपुर (बिहार) वर्तमान पता कुण्डा कॉलोनी, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई है। बदमाश के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद हुए है। बदमाश के 02 अन्य साथी 1.जाहर पुत्र बाबूलाल निवासी गांव देवरी सरकार, थाना पोवई, जिला पन्ना (म0प्र0) वर्तमान पता भट्टा कॉलोनी, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 32 वर्ष 2.इब्राहिम पुत्र मूसा निवासी गांव बूड़ा-बाड़ी, थाना गोलपोखर, जिला उत्तर दीनाजपुर (पश्चिम बंगाल) वर्तमान पता ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 20 वर्ष को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे से 22 चोरी के प्रोप जैक सैटरिंग पाईप, घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो पिकअप रजि0न0 DL1LAB9814 व 02 अवैध चाकू बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। तीनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है, जो निर्माणाधीन साइटो में चोरी करते है। बदमाशो के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. बबलू उर्फ अजय पुत्र झड़ी महतो निवासी गांव मचार, थाना आरा जिला भोजपुर (बिहार) वर्तमान पता कुण्डा कॉलोनी, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 24 वर्ष(घायल)
2. जाहर पुत्र बाबूलाल निवासी गांव देवरी सरकार, थाना पोवई, जिला पन्ना (म0प्र0) वर्तमान पता भट्टा कॉलोनी, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 32 वर्ष।
3. इब्राहिम पुत्र मूसा निवासी गांव बूड़ा-बाड़ी, थाना गोलपोखर, जिला उत्तर दीनाजपुर (पश्चिम बंगाल) वर्तमान पता ग्राम भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 22 चोरी के प्रोप जैक सैटरिंग पाईप

2. 01 अवैध तमंचा बोर मय 01 खोखा कारतूस बोर व 01 जिन्दा कारतूस
3. 02 अवैध चाकू
4. घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप गाड़ी

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास--**

1- मु0अ0सं0-158/24 धारा-136(1),139 विधुत अधिनियम 2003 व 4/25/ आयुध अधिनियम थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर बनाम बबलू उर्फ अजय।
2- मु0अ0सं0-304/24 धारा- 4/25 आयुध अधिनियम थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर बनाम इब्राहिम

**2. थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा घरो में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी लाइसेंसी पिल्टल, सोने के सिक्के, ज्वैलरी/आभूषण, दो लाख दो हजार पॉच सौ रूपये नकद व कपडे एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं शीशा तोडने के औजार बरामद।**

**घटना का विवरण--** वादी के द्वारा दिनांक 10/11.07.2025 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर जे.पी ग्रीन सोसाइटी का शीशा तोडकर एक पिस्टल , अलमारी मे रखा कैश व ज्वैलरी/आभूषण व अन्य सामान को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 267/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण में सीसीटीवी , सर्विलांस , फोरेंसिक टीम के सहयोग से वादी के घर जेपी ग्रीन्स में काम करने वाले सहायको, सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ की गयी, गहनता से की गयी जाँच से पाया गया कि वादी के यहाँ फरवरी 2025 में ड्राइवर की नौकरी से निकाले जाने वाले जितेन्द्र पुत्र विजय निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना जिला गौतमबुद्धनगर के द्वारा चोरी की गयी है। रात्रि के समय जितेन्द्र मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्ट रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी 16 ईएस 7076 से जेपी ग्रीन्स में आया और अपनी मोटर साइकिल दूर खडी कर वहाँ शराब का सेवन किया तथा पैदल जाकर वादी के घर के गेट पर लगे सीसीटीवी से बचकर दीवार फाँदकर पेचकश व शीशा तोडने की हथौडी से शीशा तोडकर लॉकर से पिस्टल, नकदी, ज्वैलरी/आभूषण चोरी कर अपनी मोटर साइकिल लेकर दूसरे गेट से बाहर चला गया। अभियुक्त पिछले कई वर्षों से जेपी ग्रीन्स में अलग अलग लोगों के यहाँ काम कर चुका है इसलिए अभियुक्त को जेपी ग्रीन्स की भौगोलिक स्थिति की अच्छी जानकारी थी एवं अभियुक्त गेट पर बायोमैट्रिक एवं गेट पास का बहाना बनाकर बाहर निकल गया। अभियुक्त जितेन्द्र द्वारा चोरी के माल को छिपाने व बेचने के लिए अपने भाई जुगेन्दर पुत्र विजय निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना जिला गौतमबुद्धनगर का सहयोग लिया गया था।

**कार्यवाही का विवरण-- थाना बीटा-2 पुलिस** द्वारा दिनांक **18.07.2025** को अभियुक्तगण 1. जितेन्द्र पुत्र विजय 2. जुगेन्दर पुत्र विजय को कासना पुलिया थाना क्षेत्र बीटा-2 से **गिरफ्तार** किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. जितेन्द्र पुत्र विजय निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना जिला गौतमबुद्धनगर
2. जुगेन्दर पुत्र विजय निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना जिला गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0स0 267/25 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 लाइसेंसी पिस्टल इटली निर्मित
2. 11 सोने के सिक्के
3. नकद 202500 रूपये/-(दो लाख दो हजार पांच सौ रूपये)
4. ज्वेलरी पीली धातु की 8 कड़े, 2 चूड़ी,3 ब्रेशलेट, झुमका 1, 1 चाबी का गुच्छा, 1 कंठी माला, 02पायल, 02 कुण्डल, 01 ब्राउच, 02 जोडी टॉप्स, 01 अंगूठी
5. ज्वैलरी सफ़ेद धातु की- 26 बिछुए, 01 सिक्का , 01 कड़ा 01 गुच्छा
6. घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्ट रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी 16 ईएस 7076
7. घटना में प्रयुक्त पेचकश व हथौडी
8. घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहनी हुयी टी-शर्ट